इतिहास विभाग के अंतर्गत विस्तार गतिविधि नवोदय विद्यालय में करियर काउंसलिंग

दिनांक 22/01/2024 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,दुर्ग के इतिहास विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई,दुर्ग में इतिहास विषय में करियर के विभिन्न आयामों पर करियर काउंसलिंग की गई। विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. कल्पना अग्रवाल ने सर्वप्रथम कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को इतिहास विषय की महत्ता से परिचय करवाया फिर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र जय कुमार वर्मा ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विभाग के अतिथि प्राध्यापक श्री प्रियम वैष्णव ने इतिहास विषय के अंतर्गत करियर के विभिन्न विकल्पों के साथ-साथ इतिहास के द्वारा जीवन में नवीन दृष्टिकोण के विकास को लेकर एक विस्तार पूर्ण पीपीटी का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया इसके साथ विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये उत्सुकता पूर्ण प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने महाविद्यालय व इतिहास विभाग के प्रति आभार प्रकट किया और आशा व्यक्त की की भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहें।

GOVT. V.Y.T. P.G. AUTONOMOUS COLLEGE
DURG (C.G.)
SAMSUNG Smart Class
REDMI NOTE 8 PRO
वैष्णवी
2024/1/20 12:42

जवाहर नवोदय विद्यालय
चिकित्सा कक्ष
REDMI NOTE 8 PRO
वैष्णवी
2024/1/20 13:48